सत्यमेव जयते

# भारत सरकार
# रेल मंत्रालय
# रेलवे भर्ती बोर्ड्स

## केंद्रीकृत रोज़गार अधिसूचना (सीईएन) सं. 02/2025 – तकनीशियनों की भर्ती – सांकेतिक सूचना

नीचे दी गई तालिका में तकनीशियन ग्रेड–III के विभिन्न पदों एवं तकनीशियन ग्रेड–I सिग्नल के पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28.07.2025 है। सभी संदर्भों में पूर्ण आवेदन पत्र **केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए।**

### महत्वपूर्ण तिथियां

**आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि : 28 जून 2025**
**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 28 जुलाई 2025 (23:59 बजे)**

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | आयु (01.07.2025 के अनुसार) | रिक्तियां (समस्त रे.भ.बो.) | कुल रिक्तियां (समस्त रे.भ.बो.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तकनीशियन ग्रेड–I सिग्नल | 5 | 29,200/- | बी–1 | 18–33 वर्ष | 183 | 6238 |
| तकनीशियन ग्रेड–III | 2 | 19,900/- | विस्तृत सीईएन के अनुलग्नक 'ए' को देखें। | 18–30 वर्ष | 6055 | |

**नोट:**

(1) प्रत्येक उम्मीदवार को विशिष्ट वेतन स्तर हेतु केवल एक रे.भ.बो. में आवेदन करने की अनुमति दी जाती है, और वेतन स्तर के अंतर्गत किसी एक या सभी अधिसूचित पदों के लिए केवल एक कॉमन ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

(2) प्रत्येक वेतन स्तर के लिए अलग से आवेदन पत्र जमा करना होगा।

(3) उम्मीदवारों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने के दौरान डिज़ीलॉकर/आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरणों को सत्यापित कर लें, ताकि गैर–आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में विशेष विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा एवं अतिरिक्त देरी से बचा जा सके। आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड में उल्लिखित नाम एवं जन्म–तिथि को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र में उपलब्ध उम्मीदवार का पूरा नाम एवं जन्म–तिथि के साथ शत–प्रतिशत मिलान करने के लिए अद्यतन किया जाना चाहिए। इसी प्रकार ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो और नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट एवं आईरिस) के साथ अद्यतन किया जाना आवश्यक है।

इस सूचना का स्वरूप पूर्ण रूप से सांकेतिक है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया ब्योरवार केंद्रीकृत रोज़गार अधिसूचना (सीईएन) सं. 02/2025 का संदर्भ लें, जिसे दिनांक 28.06.2025 को निम्न सूचीबद्ध समस्त भाग लेने वाले रे.भ.बोर्डों की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित किया जाएगा।

| सीईएन सं. 02/2025 में भाग लेने वाले रे.भ.बोर्डों की वेबसाइट | | | |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | अजमेर www.rrbajmer.gov.in | बेंगलुरु www.rrbbnc.gov.in | भोपाल www.rrbbhopal.gov.in |
| भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in | बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in | चंडीगढ़ www.rrbcdg.gov.in | चेन्नई www.rrbchennai.gov.in |
| गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in | जम्मू–श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in | मालदा www.rrbmalda.gov.in |
| मुंबई www.rrbmumbai.gov.in | मुज़फ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in | प्रयागराज www.rrbald.gov.in |
| राँची www.rrbranchi.gov.in | सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in | सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in | तिरुवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in | ***** | ***** | ***** |

उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय–समय पर केवल रे.भ.बोर्ड्स की उक्त निर्दिष्ट वेबसाइटों पर ही जारी की जाएगी।

**सं. आरआरबी/बीएनसी/आरटी/एडीवीटी/02/2025**
**दिनांक: 28.06.2025**

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड्स**

"जालसाज़ों, दलालों एवं नौकरी दिलाने का झांसा देने वालों से सावधान रहें"